वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 अंक : 331 | शुक्रवार 31 मार्च 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# प्रदेश को दुनिया के तीसरे एवं देश के दूसरे सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम की सौगात

### पहले चरण में जयपुर के चौंप में अनिल अग्रवाल अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में 40 हजार दर्शकों की क्षमता सहित होंगे 11 पिच

## अन्तर्राष्ट्रीय, आईपीएल और राष्ट्रीय क्रिकेट प्रतियोगिताओं की मेजबानी में राजस्थान बनेगा सिरमौर




चौंप में बन रहे विश्व के तीसरे सबसे बड़े स्टेडियम के पहले चरण के लिए वेदांता की हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने 300 करोड़ रुपए दिए हैं। दूसरे चरण के लिए 200 करोड़ रुपए और देने का आशवासन दिया है। स्टेडियम अनिल अग्रवाल के नाम पर होगा। हालांकि उसका पूरा प्रबंधन आरसीए के पास रहेगा। गुरुवार को हिंदुस्तान जिंक और आरसीए में एमओयू हुआ है।

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान दिवस के अवसर पर प्रदेश को एक बड़ी सौगात देते हुए चौंप जिला जयपुर में निर्माणाधीन क्रिकेट स्टेडियम के लिए राजस्थान क्रिकेट संघ और वेदांता की हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड के बीच ऐतिहासिक एमओयू हुआ है। इस एमओयू के तहत वेदांता की हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड राजस्थान क्रिकेट संघ को 300 करोड़ रुपए देगा एवं अब यह स्टेडियम ''अनिल अग्रवाल अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, जयपुर'' के नाम से जाना जायेगा। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम स्थित आरसीए एकेड़मी पर आयोजित हुए भव्य समारोह में इस ऐतिहासिक एमओयू पर राजस्थान क्रिकेट संघ के सचिव भवानी शंकर सामोता एवं हिन्दुस्तान जिंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरूण मिश्रा ने हस्ताक्षर किये। समारोह को सम्बोधित करते हुए राजस्थान क्रिकेट संघ के मुख्य संरक्षक एवं राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष डॉ. सी.पी. जोशी ने कहा कि इस स्टेडियम के बनने से उनका बरसो पुराना सपना साकार होगा एवं राजस्थान को विश्वस्तरीय क्रिकेट सुविधाएं मिलने की शुरूआत होगी। उन्होंने इस अवसर पर हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वेदांता का सहयोग ना केवल पहले चरण में अपितु स्टेडियम निर्माण के द्वितीय चरण के साथ-साथ राजस्थान में क्रिकेट व अन्य खेलों को बढ़ावा देने के लिए भी जारी रहेगा। उन्होने कहा कि आज का दिन राजस्थान में खेलो के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा जिससे राज्य की खेल प्रतिभाओं को तराशने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर राजस्थान क्रिकेट संघ के अध्यक्ष वैभव गहलोत ने कहा कि नये स्टेडियम के निर्माण से अन्तर्राष्ट्रीय सुविधाओं के साथ एक बेहतरीन स्टेडियम उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड़ द्वारा स्टेडियम निर्माण के लिए 300 करोड़ रुपए की सहायता का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि स्टेडियम निर्माण के पहले चरण में 40,000 दर्शकों के बैठने की सुविधा प्रापत होगी जिसे बाद में बढ़ाकर 75,000 किया जायेगा। इस अवसर उन्होने राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री को भी धन्यवाद दिया एवं कहा कि राज्य सरकार द्वारा 100 एकड भूमि रियायती दरों पर आरसीए को आवंटित की गयी है जिस पर इस भव्य स्टेडियम का निर्माण किया जा रहा है। उन्होने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री की ''फिट राजस्थान-हिट राजस्थान'' की सोच रही है जिसके चलते इस वर्ष का राज्य बजट भी खेल एवं युवाओं को समर्पित किया गया है। वैभव गहलोत ने बीसीसीआई के अध्यक्ष रोजर बिन्नी एवं बीसीसीआई के सचिव जय शाह को भी उनके योगदान के लिए विशेष रूप से धन्यवाद दिया। समारोह को संबोधित करते हुए हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड़ की चेयरपर्सन एवं नॉन एक्जीक्यूटीव डायरेक्टर वेदांता लिमिटेड प्रिया अग्रवाल हैबर ने कहा कि भारत में क्रिकेट एक खेल से अधिक है और चौंप में क्रिकेट स्टेडियम हर उस खिलाड़ी को अवसर देगा जो क्रिकेट में देश का प्रतिनिधित्व करने की इच्छाशक्ति रखता है। उनका कहना था कि वेदांता समूह, देश को एक वैश्विक खेल महाशक्ति में परिवर्तित करने और खेलो के क्षेत्र में बुनियादी स्तर की प्रतिभाओं को उनके समग्र विकास के लिए सर्वश्रेष्ठ सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। समारोह को संबोधित करते हुए हिन्दुस्तान जिंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरूण मिश्रा ने कहा कि आज रामनवमी के अवसर पर राजस्थान में क्रिकेट के वृहद् विकास के लिए एक ऐतिहासिक शुरूआत की गयी है जिसके दूरगामी परिणाम देखने को मिलेंगे। हिन्दुस्तान जिंक राज्य में खेलो के विकास के साथ-साथ ग्रामीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होने कहा कि हम सीएसआर के तहत राजस्थान के कई गांवो को लाभान्वित कर रहे है। इस अवसर पर वेदांता लिमिटेड़ की डायरेक्टर ग्रुप कम्युनिकेशन ऋतु झिंगोन ने कहा कि आज से 5 वर्ष पूर्व नवरात्रों में ही वेदांता समूह द्वारा नन्द घर योजना की शुरूआत की गयी थी। उन्होने बताया कि इस योजना के तहत उनकी कम्पनी गरीब व जरूरमंद बच्चो व महिलाओं को यथासंभव सहयोग प्रदान कर रही है। उन्होने बताया कि राज्य में आंगनबाड़ी मॉडल पर नन्दघर विकसित कर बच्चों को लाभान्वित किया जा रहा है।

# आर्यिका रत्न 105 विज्ञाश्री माताजी ससंघ श्री का पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर महावीर नगर प्रथम में मंगल प्रवेश



## तप, त्याग एवं तपस्या से संयम पुष्ट होता है : गुरु मां विज्ञाश्री माताजी

**कोटा. शाबाश इंडिया**

महावीर नगर प्रथम स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में परम पूज्य भारत गौरव आर्यिका रत्न 105 विज्ञाश्री माताजी ससंघ सानिध्य में प्रातः अभिषेक शांतिधारा पूजा के बाद आर्यिका श्री ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि संयम ही जीवन है,इस वाक्य से जीवन की सहायता एवं सरलता टपकती है। असंयम मृत्यु के समान है। जीवन के किसी भी क्षेत्र में सफल होने के लिए संयम आधार भूत तत्व है, जैसे रेलगाड़ी पटरी पर चलने का संयम रखती हुई गंतव्य स्थान तक सहजता से पहुंचती है ठीक उसी प्रकार जीवन की गाड़ी भी संयम की पटरी पर चलकर जीवन सरिता से पार हो सकती है। संयम की प्रत्येक क्षेत्र में आवश्यकता है खान-पान का संयम, उठने-बैठने का संयम, बोल-चाल का संयम, दृष्टि का संयम ये सब हमारे जीवन व्यवहार के घटक है, हमारे व्यक्तित्व के द्योतक है। तप, त्याग एवं तपस्था से संयम पुष्ट होता है। अगर खान-पान का संयम न हो तो तकलीफ न केवल पेट को होगी अपितु शरीर के अन्य अंग भी प्रभावित होंगे। अतः जैसा खाए अन्न, वैसा होए मन, जैसा पीए पानी वैसी होए वाणी का गहरा संबंध है। जैसा भोजन वैसा न्यूरो ट्रांसमीटर और वैसा हो स्राव जैसे स्राव वैसे भाव।

# भगवान महावीर जयंती के अवसर पर होगा रक्तदान शिविर का आयोजन...

## रक्तदान शिविर की तैयारियां जोरों पर

**गंगापुर सिटी. शाबाश इंडिया**

भगवान महावीर जयंती के पावन अवसर पर दिगंबर जैन सोशल ग्रुप की ओर से गंगापुर सिटी में वर्धमान हॉस्पिटल के नए भवन में दिनांक 2 अप्रैल , रविवार को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के संयोजक प्रवीन जैन गगंवाल ने बताया कि जैन समाज में पहली बार रक्तदान शिविर का आयोजन हो रहा है। ग्रुप से जुड़े हुए सभी सदस्यो महिला सदस्यों में शिविर के आयोजन को लेकर भारी उत्साह है एवं बहुत से सदस्य ऐसे भी है जिन्होंने रक्तदान शिविर में प्रथम बार रक्तदान करने के लिए संकल्प पत्र भरा है। उल्लेखनीय है कि संयोजक मंडल के सदस्यों द्वारा गंगापुर शहर मे सभी नौजवान रक्तदाताओं से रक्तदान के लिए अपील की जा रही है एवं संकल्प पत्र भरवाने का क्रम जारी है। इस अवसर पर ग्रुप के अध्यक्ष विमल जैन गोधा एवं महामंत्री डॉ मनोज जैन ने बताया कि रक्तदान शिविर में रक्तदान करने वाले सभी रक्त दाताओं के लिए हेलमेट, दीवार घड़ी एवं प्रशंसा पत्र स्मृति चिन्ह के रूप में ससम्मानभेंट किए जायेंगे। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप के प्रवक्ता नरेंद्र जैन नृपत्या ने बताया कि शिविर के आयोजन के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया है। जिसमें प्रवीण जैन गंगवाल, पी सी जैन, सौरभ गंगवाल, विजेंद्र कासलीवाल, दीपक पाटनी, विकास पांड्या, मंगल जैन, नीलेश जैन, पंकज पांड्या, अशोक पांड्या, पारस सौगानी, आलोक जैन, मोनिका जैन आदि को शामिल किया गया है। शिविर में रक्तदान सुबह 8:00 बजे प्रारंभ हो जाएगा यह रक्त स्थानीय ब्लड बैंक में संग्रहित रहेगा जो जरूरतमंद के लिए 24 घंटे उपलब्ध रहेगा।






राजस्थान जैन सभा
महावीर जयन्ती 2023
3 अप्रैल, 2023 सोमवार
भव्य शोभायात्रा
भव्य जूलुस प्रात: 6.30 बजे चौकड़ी मोदी खाना स्थित महावीर पार्क से रवाना होकर चौड़ा रास्ता, त्रिपोलिया बाजार, बड़ी चौपड़, जौहरी बाजार, सांगानेरी गेट, बापू बाजार, न्यू गेट होता हुआ प्रात: 9.30 बजे रामलीला मैदान तक पहुँचकर धर्मसभा में परिवर्तित होगा।
" एक जुलूस-एक हम
आओ करें महावीर वंदन "
।। सभी आएं-सामाजिक गौरव बढ़ाएं ।।
सुभाष चन्द जैन
अध्यक्ष
98290-14617
निवेदन - राजस्थान जैन सभा, जयपुर
समस्त पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यगण
मनीष बैद
महामंत्री
94140-16808
जुलूस व्यवस्था समिति- राजस्थान जैन सभा
राकेश छाबड़ा
मुख्य संयोजक
86969-01634
भानू कुमार जैन
मुख्य परामर्शक
94136-76324
योगेश टोडरका
मुख्य परामर्शक
94147-71158
नवीन जैन बरसीवाले
मुख्य परामर्शक
98290-13566
अनिल छाबड़ा
संयोजक
98872-62673
: समिति सदस्यगण :
अरुण कोड़ीवाल • डॉ. शीला जैन • श्रीमती सुशीला छाबड़ा • भागचन्द जैन मित्रपुरा
अशोक लुहाड़िया • प्रदीप गोधा • प्रदीप ठोलिया • विजय सौगानी • मितेश ठोलिया • नरेश कासलीवाल
सुधीर अजमेरा • राजकुमार बड़जात्या • राजेश चौधरी • सुरेश भौंच • प्रकाश गंगवाल • प्रदीप बड़जात्या • महेन्द्र छाबड़ा
सौरभ गोधा • महेश बाकलीवाल • प्रशान्त सेठी • रमेश सौगानी • धनकुमार लुहाड़िया (पापलियान मन्दिर)
86969-01634

## वेद ज्ञान

### जीवन जीना कला है...

जीवन जीना एक कला है। हम चाहें तो बहुत सुंदर जीवन जिया जा सकता है वर्ना यही जीवन हमें बोझ लगने लगता है। ऐसे में प्रश्न जीवन जीने की सही दृष्टि प्राप्त करने का है, क्योंकि जब तक यह दृष्टि हमें प्राप्त नहीं होती तब तक हमें जीने की राह नहीं मिल सकती। मनुष्य को सबसे पहले स्वयं से यह प्रश्न करना चाहिए कि वह इस धरती पर क्यों आया? आप यहां शिकायत करने, दुखड़े रोने के लिए आए हैं या फिर आनंद लेने के लिए आए हैं? इस प्रश्न का आपको जैसा उत्तर मिलगा, जीवन में आपकी वैसी दृष्टि हो जाएगी। पांडवों और कौरवों को शस्त्र देते हुए आचार्य द्रोण के मन में उनकी वैचारिक और व्यावहारिकता की परीक्षा लेने की बात सूझी। उन्होंने दुर्योधन को अपने पास बुलाया और कहा, वत्स तुम समाज में से एक अच्छे आदमी की परख करके उसे मेरे सामने उपस्थित करो। कुछ दिनों बाद दुर्योधन वापस आचार्य के पास आया और कहने लगा, मैंने कई नगरों, गांवों का भ्रमण किया, लेकिन मझे कहीं कोई अच्छा आदमी नहीं मिला। फिर आचार्य ने युधिष्ठिर को अपने पास बुलाया और कहा, वत्स इस पृथ्वी पर से कोई बुरा आदमी तलाश कर ला दो। काफी दिनों के बाद युधिष्ठिर आचार्य के पास आए। आचार्य ने पूछा, क्यों, किसी बुरे आदमी को साथ लाए हो? युधिष्ठिर ने कहा, गुरु जी मुझे कोई बुरा आदमी मिला ही नहीं। सभी शिष्यों ने आचार्य से पूछा, गुरुवर ऐसा क्यों हुआ कि दुर्योधन को अच्छा आदमी नहीं मिला और युधिष्ठिर को बुरा आदमी नहीं मिला। आचार्य बोले, जो व्यक्ति जैसा होता है उसे सारे लोग अपने जैसे दिखाई पड़ते हैं। इसलिए दुर्योधन को कोई अच्छा व्यक्ति नहीं मिला और युधिष्ठिर को कोई बुरा आदमी न मिल सका। असल में, दो ही प्रकार के मनुष्य होते हैं। एक वे जिनकी दृष्टि बहुत संकुचित होती है, जबकि दूसरे वे जिनकी दृष्टि उदार होती है। संकुचित दृष्टि वाले बहुत थोड़ा देख पाते हैं, जबकि उदार दृष्टि वाले वस्तु या व्यक्ति का समग्रता से निरीक्षण करते हैं। यही वजह है कि दृष्टिहीन धृतराष्ट्र का पूरा जीवन अपने परिवार के माया-मोह में सिमट गया, दूसरी तरफ सूरदास ने दृष्टिहीन होने के बावजूद अपने जीवन को आदर्श बनाया। स्वामी विवेकानंद ने कहा है कि जहां विस्तार है, वहां जीवन है। जहां मतभेद है वहीं मृत्यु भी है। सभी प्रकार के प्रेम विस्तार को और सभी तरह के स्वार्थ मतभेदों को जन्म देते हैं।

## संपादकीय

# अंतरिक्ष में लहराता भारत की कामयाबी का झंडा

अंतरिक्ष में उपग्रहों के प्रक्षेपण के क्षेत्र में कामयाबी के सफर में नया अध्याय जोड़ते हुए भारत ने एक बार फिर यह साबित किया कि इस मोर्चे पर वह दुनिया के विकसित देशों के मुकाबले बेहतर क्षमता हासिल करने जा रहा है। रविवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो ने बाहुबली कहे जाने वाले अपने सबसे भारी एलवीएम-3 राकेट के जरिए ब्रिटेन स्थित वनवेब समूह कंपनी के छत्तीस उपग्रहों को उनकी निर्धारित कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया। इस तरह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अंतरिक्ष में किए जाने वाले प्रयोगों में भारत ने अपनी उपलब्धि की एक और कड़ी जोड़ दी। गौरतलब है कि चेन्नई से करीब एक सौ पैंतीस किलोमीटर दूर सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में प्रक्षेपण केंद्र के दूसरे नंबर लांच पैड से एलवीएम-3 ने निर्धारित समय पर उड़ान भरी और तय समय में उपग्रहों को कक्षा में स्थापित कर दिया। छत्तीस उपग्रहों का कुल वजन लगभग पांच हजार आठ सौ पांच किलोग्राम था। वनवेब कंपनी के लिए ही पहले छत्तीस उपग्रह भी पिछले साल अक्तूबर में प्रक्षेपित किए गए थे। कहा जा सकता है कि अंतरिक्ष में नए प्रयोगों के मामले में भारत अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी खास जगह बना रहा है। ताजा कामयाबी की अहमियत इस रूप में है कि वनवेब समूह कंपनी और इसरो की वाणिज्यिक कक्षा में बहत्तर उपग्रहों के प्रक्षेपण के लिए एक करार हुआ है, जिसके तहत यह दूसरा प्रक्षेपण था। पहले प्रक्षेपण में भी छत्तीस उपग्रहों को प्रक्षेपित किया गया था। इसरो और वनवेब के बीच तालमेल का अपना महत्त्व है। वनवेब अंतरिक्ष से संचालित एक वैश्विक संचार नेटवर्क है, जो सरकारों और औद्योगिक इकाइयों को संपर्क की सुविधा मुहैया कराता है। अब तक इसरो के भारी उपग्रह वाहन ने उम्मीद के मुताबिक बेहतर क्षमता के साथ प्रदर्शन किया है और अंतरिक्ष यान को निर्धारित कक्षा में स्थापित किया है। एलवीएम-3 दरअसल इसरो के राकेट वाहक वाहन जीएसएलवीएमके-तीन का नया नाम है, जो कक्षा में सबसे भारी उपग्रहों को स्थापित करने की क्षमता रखता है। अब तक आमतौर पर इसका प्रदर्शन निर्धारित कसौटियों पर अपेक्षा के अनुकूल ही रहा है। यही वजह है कि वनवेब या वैश्विक स्तर पर अंतरिक्ष में प्रयोग करने के मामले अन्य देशों और संबंधित कंपनियों की नजर इसरो की इस वाणिज्यिक कक्षा पर है। इन कामयाब प्रक्षेपणों के महत्त्व को इस रूप में समझा जा सकता है कि वक्त के साथ जैसे-जैसे सरकार और प्रशासन के कामकाज में विस्तार आ रहा है, दूरदराज के इलाकों में पहुंच आसान हो रही है, विकास और उपलब्धियों का लाभ साधारण लोगों तक पहुंचाने की कोशिशें हो रही हैं, उसके आधार-तत्त्व के रूप में समूचे तंत्र की प्रक्रिया में डिजिटल स्वरूप की भूमिका बढ़ रही है। वनवेब कंपनी के प्रक्षेपणों के जरिए भारत के न केवल उपक्रमों, बल्कि कस्बों, गांवों, नगर निगमों और स्कूल समेत उन क्षेत्रों में भी सुरक्षित संपर्क की सुविधा मुहैया कराई जा सकेगी, जहां फिलहाल पहुंच बनाना मुश्किल है। **-राकेश जैन गोदिका**



## परिदृश्य

# अलगाव...

इन दिनों एक बार फिर खालिस्तान के समर्थन में उग्र माहौल बनाने की कोशिशें तेज हो गई हैं। चूंकि इस आंदोलन की अगुआई करने और शह देने वाले कनाडा आदि देशों में हैं, इसलिए वहां कुछ अधिक तेजी देखी जा रही है। पिछले दिनों ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग के बाहर लगा तिरंगा उतार कर खालिस्तान समर्थकों ने वहां अपना निशान फहरा दिया। उसके बाद ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में एक आयोजन को इसलिए रद्द करना पड़ा कि उसमें भारतीय उच्चायुक्त शरीक होने वाले थे और खालिस्तान समर्थक उसका विरोध कर रहे थे। इसी तरह अमेरिका में भारतीय दूतावास के बाहर खालिस्तान समर्थक जमा हो गए थे, हालांकि वहां के सुरक्षा कर्मियों की सतर्कता के चलते वे किसी प्रकार का उपद्रव करने में कामयाब नहीं हो पाए। खालिस्तान समर्थकों का सबसे अधिक उग्र तेवर कनाडा में दिखाई दे रहा है। ऐसे में भारत सरकार की चिंता स्वाभाविक है। विदेश मंत्रालय ने कनाडा के उच्चायुक्त को तलब कर वहां के भारतीय वाणिज्य दूतावास परिसरों और भारतीय राजनयिकों की कड़ी सुरक्षा सुनिश्चित करने की हिदायत दी है। पहले भी तिरंगा उतारने की घटना के बाद जब भारत सरकार ने दिल्ली में ब्रिटिश उच्चायोग के बाहर की सुरक्षा वापस कर ली थी, तब ब्रिटिश सरकार को अपनी चूक समझ में आई थी। खालिस्तान को लेकर चल रही अलगाववादी गतिविधियों पर काबू पाना सरकार के लिए इसलिए जटिल है कि इसके नेता कनाडा में हैं और बताया जाता है कि उनके तार पाकिस्तान के अलगाववादी संगठनों से जुड़े हुए हैं। वे वहां से पंजाब में युवाओं को गुमराह कर खालिस्तान के लिए आंदोलन को हवा दे रहे हैं। अमृतपाल सिंह भी उन्हीं के उकसावे पर काम कर रहा था। उसने गुरुग्रंथ साहब और सिख पंथ की आड़ लेकर बहुत सारे लोगों को अपने पक्ष में भी कर लिया था। जब उसके एक समर्थक को पुलिस ने गिरफ्तार कर अजनाला के थाने में बंद किया तो अमृतपाल बड़ी भीड़ के साथ हथियार के बल पर उसे छुड़ाने में कामयाब हुआ था। फिर उसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दी गई, तो वह पुलिस को चकमा देकर भाग निकला और अभी तक पकड़ा नहीं जा सका है। हालांकि केंद्रीय गृह मंत्रालय और पंजाब पुलिस अलगाववादी ताकतों को काबू में करने का प्रयास कर रहे हैं। अमृतपाल के प्रमुख साथियों और सहयोगियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इससे काफी हद तक पंजाब में अलगाववाद की धार भोथरी हो चुकी है। मगर अभी चुनौती यह है कि विदेशी जमीन से जो लोग खालिस्तान की मांग उठाने में कामयाब हो पा रहे हैं, उन पर अंकुश कैसे लगाया जाए। इसके लिए वहां की सरकारों पर दबाव बनाना ही कारगर उपाय हो सकता है और भारत सरकार इस मामले में कामयाब नजर आ रही है। रही बात अमृतपाल जैसे कुछ दिग्भ्रमित युवाओं की, तो उन पर लगातार नजर रख कर ही काबू में किया जा सकता है। अच्छी बात है कि खालिस्तान के समर्थन में पंजाब के आम लोग नहीं हैं। वे किसी भी रूप में इस आग को फिर से दहकती देखना नहीं चाहते। इसलिए सरकार को इस पर काबू पाने में कोई मुश्किल नहीं है। मगर अभी तक अमृतपाल क्यों पुलिस की पकड़ से बाहर है, यह सवाल स्वाभाविक ही लोगों के मन में बना हुआ है। इससे पुलिस की गंभीरता पर भी सवाल उठ रहे हैं। अमृतपाल के मामले में किसी भी प्रकार की शिथिलता अलगाववाद की आग को रोकने में चुनौतियां ही बढ़ाएगी।

# विश्व प्रसिद्ध महावीर जी का आठ दिवसीय लक्खी मेला शनिवार 1 अप्रैल से

## 3 को महावीर जयन्ती, शुक्रवार 7 अप्रैल को निकलेगी विशाल रथयात्रा

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

पूरे विश्व को जीओ और जीने दो का संदेश देने वाले, जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर का 2622 वां जन्म कल्याणक महोत्सव (महावीर जयन्ती) पर दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी में आठ दिवसीय वार्षिक लक्खी मेला शनिवार 01 अप्रैल से शुरू होगा। दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल एवं मंत्री महेन्द्र कुमार पाटनी ने बताया कि शनिवार 01 अप्रैल को मेले की स्थापना होगी, रविवार 02 अप्रैल को पूजन,भजन, सामूहिक आरती व शास्त्र प्रवचन होंगे। सोमवार,03 अप्रैल को महावीर जयंती समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा जिसमें प्रातः कटला प्रांगण से प्रभातफेरी निकलेगी। कटला प्रांगण में झण्डारोहण के बाद जल यात्रा निकाली जायेगी। तत्पश्चात स्कूल में मोदक वितरण, अस्पताल में मरीजों को तथा हिण्डौन जेल में केदियों को फल वितरण किये जायेंगे। दोपहर में श्री वीर संगीत मण्डल जयपुर के सहयोग से सामूहिक पूजन होगा। अपरान्ह कलशाभिषेक के बाद प्रदर्शनी का उदघाटन किया जावेगा। अपरान्ह 4.30 बजे दिव्यांगो को ट्राई साईकिल, कृत्रिम पैर, बैसाखी, कैलीपर्स तथा असमर्थ व विधवा महिलाओं को हाथ की सिलाई मशीनें वितरित की जाएगी। सायकांल सामूहिक आरती के बाद शास्त्र प्रवचन होंगे। रात्रि में दिगम्बर जैन आदर्श महिला महाविद्यालय श्री महावीर जी की छात्राओं द्वारा कटला पूर्वी पाण्डाल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। सांस्कृतिक मंच पर रात्रि 8.00 बजे से पर्यटन कला व संस्कृति विभाग राजस्थान के सौजन्य से राजस्थानी सांस्कृतिक संध्या होगी। मंगलवार, 04 अप्रैल को वर्धमान विधान, सामूहिक




पूजा, सामूहिक आरती, शास्त्र प्रवचन के बाद दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप संगिनी फारम एवर जयपुर द्वारा कटला पूर्वी पाण्डाल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। इसी दिन सांस्कृतिक मंच पर रंगशाला एकेडमी इन्दौर द्वारा साधना मादावत महानाट्य प्रस्तुति दी जाएगी। बुधवार, 05 अप्रैल को पूजन, भजन, सामूहिक आरती व शास्त्र प्रवचन के बाद रात्रि में कटला पूर्वी पाण्डाल में महिला जागृति संघ जयपुर द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। सांस्कृतिक मंच पर वीणा कैसेट्स जयपुर द्वारा राजस्थानी लोक नृत्य व लोकगीत कार्यक्रम गोरबंद की भव्य प्रस्तुति दी जाएगी। प्रचार प्रसार मुख्य संयोजक सुरेश सबलावत के अनुसार गुरुवार 06 अप्रैल को श्री वीर संगीत मण्डल जयपुर के सहयोग से सामूहिक पूजा की जाएगी। अपराह्न 4.00 बजे उप जिला कलेक्टर एवं प्रबंधकारिणी कमेटी के अध्यक्ष द्वारा मेला निरीक्षण किया जाएगा। सायंकाल सामूहिक आरती के बाद श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति सांगानेर सम्भाग द्वारा कटला पूर्वी पाण्डाल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। सांस्कृतिक मंच पर रात्रि 8.00 बजे से राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का विशाल आयोजन किया जाएगा। जिसमें देश के प्रख्यात कवि अपनी कविताओं के माध्यम से भगवान महावीर के गुणगान करेंगे। शुक्रवार 07 अप्रैल को दोपहर में मंदिर प्रांगण से विशाल रथयात्रा निकलेगी जो नदी तट पर जावेगी जहां श्री जी के कलशाभिषेक होगें विश्व प्रसिद्ध इस रथयात्रा में साम्प्रदायिक सौहार्द दर्शाते हुए जैन,मीणा गुर्जर सहित सभी जातियों के श्रद्धालु गण बड़ी संख्या में शामिल होंगे। शनिवार 08 अप्रैल को नदी तट पर ग्रामीण खेलकूद एवं कुश्ती-दंगल के बाद मेले का समापन होगा। अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल एवं मंत्री महेन्द्र कुमार पाटनी ने बताया कि वार्षिक मेले की तैयारियां जोर शोर से चल रही है। मेले में जैन अजैन सभी लाखों की संख्या में श्रद्धालुगण शामिल होगें। गम्भीर नदी में मेले के लिए पाचना बांध से पानी छोड़ा जाएगा।

## नवरात्रि महोत्सव-कन्या पूजन किया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** रामनवमी को ''कमलाबाई चैरिटेबल ट्रस्ट'' संस्था प्रांगण में नवरात्रि कन्या के उपलक्ष्य में कन्या पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में संस्कृति और भारतीय परम्परा का अनुपालन करते हुए देवी स्वरुप कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन करवाकर भेंट उपहार दिए गए। ये बालिकाएं ट्रस्ट की योजना संवारें बचपन की शिक्षा के लिए गोद ली हुई जरूरतमंद है। वे अपने आप को संस्था परिवार और दान दाताओं से जुड़ा अनुभव करें, यही इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य और हमारा शुभ प्रयास रहा। बालिकाओं को इस कार्यक्रम के अन्तर्गत मुदित भार्गव जी ने पेपर वर्क भी सिखाया। बालिकाओं ने इसे बड़े रुचि और लग्न से सीखा। एक नई जानकारी उन्हें स्वास्थ्य से संबंधित दी गई जिसमें श्रीमति श्रेया खण्डेलवाल द्वारा बताया गया अपने शरीर को स्वस्थ चुस्ती - फुर्ती से भरपूर कुछ साधारण खान - पान द्वारा कैसे रखा जा सकता है। बालिकाओं के लिए यह जानकारी बहुत अधिक उपयोगी है। इस कार्यक्रम में संस्था परिवार के सभी सदस्यों का पूर्ण सहयोग रहा। इस कार्यक्रम में संस्था परिवार के सभी सदस्यों का पूर्ण सहयोग रहा। संस्था के सहयोगी मोहित भारद्वाज, प्रकाश भगवानी, सुनील गोयल , एम डी बांगड़ , ओ. पी. महेश्वरी , आई ऐ एस महावीर प्रसाद शर्मा, प्रिहन , हरेंद्र शर्मा , मोहित जैन , विनोद अग्रवाल एवं रजनीश भार्गव का विशेष सहयोग एवं उपस्थिति रही।

# भगवान महावीर का 2622वां जन्म कल्याणक महोत्सव

## सोमवार 3 अप्रैल को निकलेगी विशाल शोभायात्रा

## रामलीला मैदान में आचार्य वसुनन्दी महाराज के सानिध्य में होगी धर्म सभा

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन धर्म के 24 वें तीर्थंकर भगवान महावीर के 2622 वें जन्म कल्याणक महोत्सव (जन्म जयन्ती) के उपलक्ष्य में समग्र जैन समाज की ओर से राजस्थान जैन सभा जयपुर के तत्वावधान में दो दिवसीय आयोजन किये जायेंगे। शनिवार 1अप्रैल को सायकांल 6.30 बजे से गोपाल जी का रास्ता स्थित श्री दिगम्बर जैन मंदिर महावीर स्वामी (कालाडेरा) में आरती थाली सजाओ प्रतियोगिता के बाद भगवान महावीर की 108 दीपों से सामूहिक महाआरती होगी। तत्पश्चात महिला मण्डलों एवं अन्य संगठनों द्वारा नृत्य,भजन गायन तथा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। सोमवार 03अप्रैल को जयन्ती दिवस के मौके पर प्रातः 7.00 बजे से मनिहारो का रास्ता स्थित महावीर पार्क से विशाल शोभायात्रा निकाली जावेगी। जो चौडा रास्ता, त्रिपोलिया बाजार, जौहरी बाजार, बापू बाजार, न्यू गेट होते हुए रामलीला मैदान पहुचेगी। शोभायात्रा में ज्ञान वर्धक तथा संदेशात्मक झांकियां, महिला मण्डल, बैण्ड बाजे, लवाजमा तथा रथ में विराजमान श्री जी शामिल होंगे। रामलीला मैदान में आचार्य वसुनन्दी महाराज ससंघ सहित जयपुर में प्रवासरत अन्य आचार्य, आर्यिका माताजी ससंघ के सानिध्य में धर्म सभा होगी। धर्म सभा में झण्डारोहण, चित्र अनावरण, दीप प्रज्जवलन, मंगलाचरण,महावीर जयन्ती स्मारिका विमोचन सहित साधु संतों के मंगल प्रवचन होंगे।



# वीरचंद जैन अध्यक्ष, संजय जैन बड़जात्या महामंत्री हुए निर्वाचित

## शान्तिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर कामां की नवीन कार्यकारिणी का हुआ गठन





**कामा. शाबाश इंडिया।** कस्बे के दीवान मोहल्ला स्थित शांतिनाथ दिगंबर जैन खंडेलवाल पंचायती दीवान मंदिर की नवीन कार्यकारिणी का गठन जैन समाज के पूर्व संरक्षक सत्येंद्र प्रसाद जैन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में किया गया। सर्वसम्मति से वीर चंद जैन बड़जात्या को पुनः अध्यक्ष एवं संजय जैन बड़जात्या को महामंत्री निर्वाचित किया गया। मन्दिर समिति से प्राप्त सूचना के अनुसार तीन वर्षीय नवीन कार्यकारिणी में उत्तम जैन कार्याध्यक्ष, प्रदीप जैन कोषाध्यक्ष, शुभम जैन सकोषाध्यक्ष, नीरज जैन एडवोकेट व्यवस्थापक,ज्ञानचंद उपव्यवस्थापक, शिखर चंद जैन बिट्टू,मनीष जैन भंडारी, रिंकू जैन सांस्कृतिक मंत्री,अशोक जैन जयपुर ऑडिटर मनोनीत किये गए। सत्येंद्र प्रसाद जैन व भागचंद जैन बड़जात्या को संरक्षक बनाया गया। कैलाश चंद टोंग्या, इंदु जैन, लोकेश जैन, सुरेंद्र जैन,दिनेश जैन,नीरज जैन जीनू,प्रवीण जैन जयपुर, नवीन जैन दिल्ली सदस्य मनोनीत किये गए। नवीन कार्यकारिणी को युवा परिषद अध्यक्ष मयंक जैन,राष्ट्रीय महामंत्री उदयभान जैन जयपुर,धर्म जागृति संस्थान अध्यक्ष संजय सर्राफ व समाजजनों ने बधाई दी गयी। मीटिंग में आगामी कार्ययोजना पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

# श्री कृष्ण-बलराम ने थामे धनुष बाण



**जयपुर. कासं।** श्री कृष्ण बलराम मंदिर, जगतपुरा में रामनवमी महोत्सव को धूमधाम से मनाया गया। मंदिर में देश शांति की प्रार्थना के लिए विशेष राम तारक यज्ञ का आयोजन किया गया। श्री कृष्ण बलराम मंदिर, जयपुर के अध्यक्ष अमितासन दास ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारम्भ मंगला आरती के साथ प्रातः 4:30 बजे से हुआ, इस अवसर पर भगवान श्री कृष्ण-बलराम को राम और लक्ष्मण के रूप में धनुष बाण के साथ शाही वस्त्र से अलंकार किया गया। भक्तों ने दिनभर उपवास रखा एवं हरि नाम संकीर्तन किया। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचंद्रजी की लीलाओं का स्मरण एवं रामचंद्र भगवान की स्तुति में विशेष भजन भी गाए गए।






।।आचार्य श्री विद्यासागराय: नम:।। ।।श्री आदिनाथाय: नम:।। ।।श्री महावीराय: नम:।। ।।मुनि पुगंव श्री सुधासागराय: नम:।।

भगवान महावीर के 2621 वें जन्मोत्सव के अन्तर्गत आदिनाथ जयन्ती से महावीर जयन्ती तक

## दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन, जयपुर के तत्वावधान में

# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर द्वारा

**मानव सेवार्थ एक साथ विभिन्न संस्थाओं के साथ 32 स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित किये गये।**

मुख्य प्रायोजक: R K GROUP, Kishangarh, Rajasthan, www.rkmarble.com | www.wondercement.com — WONDER CEMENT EK PERFECT SHURUAAT

सह प्रायोजक: ARL Infratech Ltd.

सह प्रायोजक: समाचार जगत

# भक्तामर स्तोत्र अनुष्ठान

## 48 मण्डलों पर 48 दीपको से रिद्धि-सिद्धि मंत्रों के साथ

एवं



## समाज भूषण स्व. श्री राजेन्द्र के. गोधा स्मृति

# जीवन रक्षक सम्मान समारोह-2023

**रविवार, 2 अप्रेल 2023**
**सायं 7.00 बजे से**

**स्थान : छतरी वाला भाग, भट्टारक जी की नशियां नारायण सिंह सर्किल, जयपुर**

समारोह गौरव
श्रीमान् अशोक जी पाटनी
श्रीमती सुशीला जी पाटनी
आर. के. मार्बल ग्रुप

समारोह गौरव
श्रीमान् नन्द किशोर जी पहाड़िया
श्रीमान् प्रमोद जी पहाड़िया
ए. आर. एल. ग्रुप

समारोह गौरव
श्रीमती त्रिशला जी गोधा (धर्मपत्नि स्व. श्री राजेन्द्र के. गोधा)
श्रीमान् शैलेन्द्र जी गोधा, श्रीमान् निशान्त जी गोधा
समाचार जगत परिवार



श्री नरेन्द्र जैन
(गायक कलाकार)
(Voice of PinkCity)

मुख्य अतिथि
श्रीमान् दीनदयाल जी पाटनी
प्रमुख समाज सेवी

दीप प्रज्जवलनकर्त्ता
श्रीमान् सुनील जी जैन (CA) श्रीमती सपना जी जैन
प्रमुख समाज सेवी

विशिष्ठ अतिथि
श्रीमती रेणू जी राणा, श्रीमान् मोहित जी राणा
प्रमुख समाज सेवी

ड्रैस कोड़ : पुरुष वर्ग सफेद वस्त्र
महिला वर्ग केसरिया साड़ी

## आदिनाथ जयन्ती से महावीर जयन्ती तक रक्तदान शिविर आयोजन करने में सहयोग करने वाली 51 संस्थाओं का सम्मान किया जायेगा

✻ श्री दिगम्बर जैन महावीर शिक्षा परिषद्, ✻ प्रबन्ध कार्यकारिणी समिति जनकपुरी जैन मन्दिर, दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप संगिनी फोरएवर, युवा मण्डल जनकपुरी जैन मन्दिर, ✻ श्री 1008 मुनिसुव्रतनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर, कल्याण नगर, दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप डायमण्ड, ✻ सखी गुलाबी नगरी, श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन समिति, मीरा मार्ग, मानसरोवर ✻ दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप गुलाबी नगर, दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप मैत्री, ✻ श्री वर्धमान दिगम्बर जैन समिति, एस.एफ.एस. मानसरोवर, श्री वर्धमान दिगम्बर जैन युवा मण्डल, श्री वर्धमान दिगम्बर जैन महिला मण्डल, ✻ अग्रवाल प्रोपर्टीज, जगतपुरा ✻ दिगम्बर जैन महासमिति सी-ईकाई, ✻ सीतापुरा इण्डस्ट्रीज एसोशियन, ✻ दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सम्यक् ✻ श्री दिगम्बर जैन मन्दिर ट्रस्ट, सेक्टर-3, मालवीया नगर, दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप स्वास्तिक, ✻ श्री भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा महासभा, जिला जयपुर, भारतीय जैन मिलन, जयपुर, भारतीय जैन मिलन, महिला विंग, ✻ दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप वीर, श्री महावीर दिगम्बर जैन मन्दिर सेवा समिति, मुरलीपुरा, ✻ जौहरी बाजार दिगम्बर जैन महिला समिति, जयपुर, ✻ दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप नवकार, श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन समिति, थड़ी मार्केट, श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर महिला मण्डल, ✻ श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर प्रबन्ध समिति मधुबन कॉलोनी, जय जिनेन्द्र महिला मण्डल, सेवार्थ संगठन, ✻ श्री नेमीनाथ दिगम्बर जैन समाज समिति नेमीसागर कॉलोनी, ✻ दी बार ऐसोशिएशन, सांगनेर ✻ श्री 1008 शांतिनाथ दिगम्बर जैन चैत्यालय मान्यावास ✻ प्रज्ञा इंस्टीट्यूट ऑफ पर्सनेलिटी डवलपमेंट, ✻ श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर प्रबन्ध कार्यकारिणी संघी जी, जैन सोश्यल ग्रुप महानगर ✻ श्री दिगम्बर जैन मुनि संघ प्रबन्ध समिति पार्श्वनाथ भवन, ✻ जैन सोश्यल ग्रुप राजधानी, संगिनी फोरम जे.एस.जी. कैपिटल, जयपुर ✻ दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप तीर्थंकर ✻ एम्बीशन किड्स एकेडमी श्योपुर सांगानेर, ✻ लाडो सामाजिक सेवा संस्थान जयपुर ✻ दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप गंगापुर सिटी ✻ सोशल एण्ड ब्लड एड सोसायटी ✻ TATA AIG General Ins. Co. ✻ A.D. Enterprises (ADEN) ✻ ARL Infratech Ltd. ✻ J.B. Distributors ✻ Yash Boys PG Hostel

### :: आयोजन समिति ::

मुख्य समन्वयक: यश कमल - संगीता अजमेरा | परामर्शक: दर्शन - विनीता बाकलीवाल | समन्वयक: मनीष - शोभना लोंग्या

सह-समन्वयक :: विनोद - हेमा सोगानी, चक्रेश - पिंकी जैन, अनिल-प्रेमा रांवका, राजेश - रानी पाटनी, अनिल - ज्योति जैन चौधरी

संयोजक :: धीरज-सीमा पाटनी, नितेश-मीनू पाण्ड्या, संजय-ज्योति छाबड़ा, सपन-रजनी जैन छाबड़ा, पंकज-नीना जैन, विजय-माया झाझंरी, सुधीर-अलका गोधा, अजय-वर्षा बाकलीवाल

### आयोजक :: दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति जयपुर

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| राकेश-समता गोदिका<br>अध्यक्ष | दिनेश-संगीता गंगवाल<br>परामर्शक | मनीष-शोभना लोंग्या<br>कार्याध्यक्ष | सुनील-सुनीता गोदिका<br>उपाध्यक्ष | चक्रेश-पिंकी जैन<br>उपाध्यक्ष | राकेश-रेणु संघी<br>उपाध्यक्ष | महेन्द्र-सुनिता कासलीवाल<br>उपाध्यक्ष | अनिल-निशा संघी<br>सचिव |
| कमल-मंजु ढोलिया<br>सांस्कृतिक सचिव | राजेश-रितु छाबड़ा<br>संगठन सचिव | राजेश-रानी पाटनी<br>संगठन सचिव | प्रदीप-प्राची बाकलीवाल<br>संयुक्त सचिव | चेतन-डॉ.अनामिका पापड़ीवाल<br>संयुक्त सचिव | राजेन्द्र-कुसुम जैन<br>खेल सचिव | अनिल-अनिता जैन<br>कोषाध्यक्ष | |

कार्यकारिणी सदस्य : अनिल-ज्योति चौधरी ✻ डॉ अनुपम-विनीता जैन ✻ सपन-रजनी छाबड़ा ✻ नितेश-मीनू पाण्ड्या ✻ विशेष आमंत्रित : अशोक-अर्चना पाटनी ✻ अशोक सेठी

सम्पर्क सूत्र :: 9414078380, 9829067076, 9785074581, 9887555249, 9414073035

### निवेदक :: दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप राजस्थान रीजन, जयपुर

| | | |
|---|---|---|
| राजेश-सीमा बड़जात्या<br>अध्यक्ष | अनिल-शशि जैन<br>संस्थापक अध्यक्ष | निर्मल-सरला संघी<br>महासचिव |
| महेन्द्र कुमार पाटनी<br>वरिष्ठ परामर्शक | सुरेन्द्र-मदुला पाण्ड्या<br>परामर्शक | नवीन सेन-शशि जैन<br>परामर्शक |
| यशकमल-संगीता अजमेरा<br>निर्वतमान अध्यक्ष | अतुल-निलिमा बिलाला<br>पूर्व अध्यक्ष | पारस-मंजू जैन<br>कोषाध्यक्ष |

मुद्रक : वर्धमान प्रिण्टर्स 9314263204

# रामनवमी की शुभकामना प्रेषित की डॉक्टर निर्मल जैन ने



**नई दिल्ली. शाबाश इंडिया**

डॉक्टर निर्मल जैन सदस्य सड़क सुरक्षा परिषद के रामनवमी के पावन अवसर पर परिवहन सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी के आवास पर मिलकर रामनवमी की शुभकामनाये दी।




# भगवान महावीर का जन्म कल्याणक मनाएगा मानसरोवर समाज

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

सकल दिगंबर जैन समाज मानसरोवर जयपुर के तत्वावधान में भगवान महावीर के जन्म कल्याणक के पूर्व दिवस 02 अप्रैल को निकाली जाएगी विशाल वाहन प्रभात फेरी एसएफएस स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर आदिनाथ भगवान के अध्यक्ष डॉ राजेश काला ने बताया कि विगत 25 वर्षों से मानसरोवर जैन समाज के सभी मंदिरों के संयुक्त प्रयास से विशाल वाहन रैली का आयोजन किया जाता है। रैली के मुख्य संयोजक विनेश सोगानी ने बताया कि प्रातः 6:00 एसएफएस स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर आदिनाथ से ध्वजारोहण कर विशाल प्रभात फेरी का शुभारंभ किया जाएगा। प्रभात फेरी में मानसरोवर के सभी महिला मंडल अपने पारंपारिक परिधान में ट्रैक्टरों में भक्ति भाव से भजन गाते हुए सम्मिलित होंगे। एसएफएस, थड़ी मार्केट श्री दिगंबर जैन मंदिर पारसनाथ, श्री दिगंबर जैन मंदिर आदिनाथ मीरा मार्ग, श्री दिगंबर जैन मंदिर पारसनाथ हीरा पथ होते हुए सभी श्रद्धालु श्री दिगंबर जैन मंदिर वरुण पथ महावीर पहुंचेंगे। श्री दिगंबर जैन मंदिर वरुण पथ मानसरोवर के अध्यक्ष एमपी जैन ने बताया कि भगवान महावीर की 108 दीपको से महा आरती का आयोजन किया जाएगा एवं



भगवान महावीर के जन्म कल्याण के उपलक्ष में एक विचार गोष्ठी आयोजित की जाएगी जिसमें शहर के प्रसिद्ध विद्वानों द्वारा अपने विचार रखे जाएंगे।

# जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ के तत्वावधान में आश्रय केयर में भोजन वितरित किया



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ के तत्वावधान में आश्रय केयर होम, रानी सती नगर पर 29 मार्च को ग्रुप अध्यक्ष अभय- अंजना गंगवाल की शादी की सालगिरह बच्चियों के साथ मनाई और भोजन मिठाईयां केक एवं पेस्ट्री आदि वितरित किए। अजय - ऋतु बड़जात्या ने बताया कि कार्यक्रम में सुनील - मुनिया सोगानी, राजेंद्र - संगीता जैन, प्रमोद - सुनीता पाटनी, विशुतोष- नीति चांदवाड, रानू , शुभम, हर्षित, सम्यक, गुनिन एवं ग्रुप के कई सदस्यगण ने भाग लिया।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर **'शाबाश इंडिया'** आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादकः राकेश जैन गोदिका**
**@ 94140 78380, 92140 78380**

**दैनिक ई-पेपर**
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com



# जन्म कल्याणक महा महोत्सव

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

तीर्थंकर आदिनाथ से तीर्थंकर महावीर जन्मोत्सव कार्यक्रम दुर्गापुरा जैन समाज तीर्थंकर आदिनाथ के जन्म कल्याणक दिवस 16 मार्च 2023 से नियमित रूप से मना रहा है। कार्यक्रम के अन्तर्गत घर घर मंगलाचार की श्रृंखला में णमोकार मंत्र एवं भक्तामर के पाठ के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम आरती आदि की जा रही है। कार्यक्रम की श्रृंखला में आज श्रेष्ठी महावीर - संतोष चान्दवाड के घर पर णमोकार महामंत्र - भक्तामर पाठ के साथ त्रिशला माता द्वारा देखे गये सोलह स्वप्नों की परिवार जन द्वारा सुन्दर प्रस्तुती दी गई। कार्यक्रम के दौरान समाज के लब्ध प्रतिष्ठित श्रावक गण उपस्थित रहे। श्री दिगंबर जैन महासमिति त्रिशला संभाग की अध्यक्ष श्रीमती चन्दा सेठी ने बताया कि यह जन्मोत्सव महावीर जयंती तक मनाया जावेगा।




## Covid का नया वर्जन आ गया है, सावधान रहे इस New Variant से

भारत में तेजी से फैल रहा कोरोना का नया वैरिएंट, एक्सपर्ट ने जताई अगली लहर की आशंका!भारत में H3N2 के साथ ही कोरोना के नए मामलों में भी वृद्धि देखी जा रही है. नए मामलों की वृद्धि के पीछे कोरोना के XBB वैरिएंट के सब-वैरिएंट XBB 1.16 और XBB 1.15 हो सकते हैं. XBB 1.16 वैरिएंट क्या है? यह कितना खतरनाक है? इस पर एक्सपर्ट की क्या राय है, इस बारे में इस आर्टिकल में जानेंगे.भारत में COVID-19 के मामलों में लगातार वृद्धि देखी जा रही है. भारत में करीब चार महीने बाद गुरुवार को कोरोना के 700 से अधिक मामले दर्ज किए. ऐसे में भारत में कुल एक्टिव मामलों की संख्या 4,623 हो गई है. वैज्ञानिकों का मानना है कि पिछले कुछ दिनों में भारत में कोरोना वायरस के मामलों में हालिया उछाल के पीछे कोविड-19 XBB वैरिएंट का वंशज XBB 1.16 हो सकता है.कई देशों में पाए जाने के बाद पिछले कुछ हफ्तों में भारत में भी इसके मामले सामने आए हैं. भारत के अलावा चीन, सिंगापुर, संयुक्त राज्य अमेरिका और अन्य सहित विभिन्न देशों में भी यह वैरिएंट तेजी से फैला है. TOI की एक रिपोर्ट के अनुसार, कोविड-19 के इस वैरिएंट से नई लहर की आशंका बढ़ सकती है.कोविड वैरिएंट्स पर नजर रखने वाले एक इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म के मुताबिक, भारत में अभी कोरोना के XBB 1.16 वैरिएंट के मामलों की सबसे अधिक संख्या दर्ज की है. हालिया रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 48, सिंगापुर और अमेरिका में क्रमश: 14 और 15 मामले XBB 1.16 वैरिएंट के हैं.भारत में तेजी से फैल रहा है XBB 1.16,अब वापिस हमें COVID की सरकारी गाइड लाइन का पालन करना है,अपनी इम्यूनिटी को बढ़ाने के लिए आयुर्वेद चिकित्सा का लाभ पुन: लेना होगा,तभी जीवन सुरक्षित होगा।जिन लोगों के बूस्टर डोज लगी हुई हैं उनको भी यह वैरिएंट परेशानी में डाल रहा है, छोटे बच्चों,60 वर्ष से ऊपर के लोग, कैंसर रोगी,लिवर रोगी,मोटापा वाले रोगियो के लिए विशेष सावधानी रखने की जरूरत है। टेस्ट, ट्रेक, ट्रीट, टीकाकरण इन चार पर ध्यान देना हैं।



**डॉ पीयूष त्रिवेदी**
आयुर्वेदाचार्य
चिकित्साधिकारी राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय राजस्थान विधानसभा,जयपुर। 9828011871







# स्वर्गीय श्री भंवर लाल जी एवं श्रीमती गोपी भाई छाबड़ा की पुण्य स्मृति में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ





**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन और सन्मति ग्रुप के तत्वावधान में भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव के उपलक्ष्य मे स्वर्गीय श्री भंवर लाल जी एवं श्रीमती गोपी भाई छाबड़ा की पुण्य स्मृति में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन श्री 1008 शांतिनाथ दिगंबर जैन चैत्यालय इंजिनियर्स कॉलोनी, मान्यावास,स्वर्ण गार्डन रोड, मानसरोवर में किया गया।इस कार्यक्रम के पुण्यार्जक परिवार कमल चंद -तारा देवी, मनीष- निशा , सपन -रजनी ,रवि -रितु और छाबड़ा परिवार थे।



कार्यक्रम में परिवार के मंगल चंद , हरक चंद, मोतीलाल -चंद्र प्रभा , महावीर -महेश पाटनी ,राजेश छाबड़ा आदि सभी लोग उपस्थित थे। वार्ड 72 पार्षद और फायर समिति चेयरमैन नगर निगम ग्रेटर के पारस जैन, स्थानीय पार्षद हरीश शर्मा, राजस्थान जैन सभा के अध्यक्ष सुभाष चंद जैन, कोषाध्यक्ष राकेश छाबड़ा, रक्तदान शिविर के मुख्य परामर्शक दर्शन बाकलीवाल, और सन्मति अध्यक्ष राकेश गोदिका, जे के जैन मंत्री वरुण पथ जैन मंदिर,सुनील गंगवाल,अनिल बोहरा,रमेश जैन,अभिषेक जैन बिट्टो,प्रमोद बाकलीवाल आदि गणमान्य लोगों की गरिमामय उपस्थिति रही। सन्मति ग्रुप के अध्यक्ष राकेश गोदिका, संगठन सचिव राजेश छाबड़ा का इस शिविर को क्रियान्वन कराने में प्रमुख योगदान रहा।

# वीर सी ए अनिल जैन लेंगे महावीर इंटरनेशनल के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की शपथ


## शपथ ग्रहण 1 अप्रैल को जयपुर में

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

‘सबको प्यार’ ‘सबकी सेवा’ व ‘जिओ और जीने दो’ के आदर्श भाव के साथ देश भर में सेवा में जुटी महावीर इंटरनेशनल की नवगठित राष्ट्रीय कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण 1 अप्रैल 2023 को सांय टोंक रोड़ स्थित इंद्रलोक ऑडीटोरियम में होगा। वीर सी ए अनिल जैन अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की शपथ लेंगे व उनके साथ अंतर्राष्ट्रीय महासचिव पद पर अजमेर के वीर अशोक गोयल तथा अंतर्राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष पद पर दिल्ली के वीर सी ए सुधीर जैन शपथ लेंगे। उल्लेखनीय है कि नव निर्वाचित अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वर्ष 2021-23 के कार्यकाल में अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर एस के







जैन की कार्यकारिणी में अंतर्राष्ट्रीय महासचिव पद का दायित्व निभा रहे थे। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उच्चतम न्यायालय के न्यायधीश एन के रांका उपस्थित रहेंगे।इस अवसर पर देश के 10 रिजन व 30 जोन के अंतर्गत कुल 340 शाखाओं से मनोनीत अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, रिजन सेक्रेटरी, जोन चेयरमैन, इंटरनेशनल डायरेक्टर, को डॉयरेक्टर, गवर्निंग काउंसिल मेम्बर्स, ट्रस्टी आदि पदाधिकारी शपथ ग्रहण करेंगे। शपथ ग्रहण कार्यक्रम में निवर्तमान अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर एस के जैन (रिटायर्ड आई पी एस) पूर्व अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर राज लोढा, वीर पुष्प जैन, वीर वी एस बापना भी मौजूद रहेंगे।